**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 28.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

सावन की तीसरी सोमवारी पर आज रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालुओं की भीड़ बाबाधाम पहुंची है। सुबह 4 बजे आम श्रद्धालुओं के लिए बाबा मंदिर का पट खुला और जलार्पण शुरू हो गया। कांवरिया कतार में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं और बाबा मंदिर पहुंचकर जलार्पण कर रहे हैं। आज चार लाख से ज्यादा कांवरिया देवघर पहुंचे हैं। आज शीघ्रदर्शनम पर पूरी तरह रोक है। साथ ही डाक बम को भी किसी तरह की कोई खास सुविधा नहीं मिल रही है।

**************************

उपराजधानी दुमका स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भी सावन की तीसरी सोमवारी पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर फौजदारीनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं।

इधर खूंटी के आम्रेश्वरधाम में भी सावन की तीसरी सोमवारी पर हजारों कांवरियों की भीड़ उमड़ी है।

राजधानी रांची स्थित पहाड़ी मंदिर समेत विभिन्न शिवालयों में भी भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। सरायकेला जिले के शिवालयों में भी शिवभक्तों की भारी भीड़ जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़ी है।

**************************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आज रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जन समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिये। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में राज्य के मंत्री, विधायक और प्रशासनिक अधिकारी भी जन समस्याओं के समाधान के प्रति काफी गंभीर है।

**************************

अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर नियुक्त करने को चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस बीआर गवई की पीठ में भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी और डीजीपी की ओर से पक्ष रखा गया। वहीं राज्य सरकार की ओर से वकील कपिल सिब्बल के दूसरे कोर्ट में होने की वजह से थोड़ा समय मांगा गया। कोर्ट ने मामले को एक सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए लिस्ट करने का निर्देश दिया।

**************************

रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रांची पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपित का नाम नित्यानंद पाल बताया गया है। एक वरीय अधिकारी ने गिरफ्तारी की पुष्टि की।

**********************

झारखंड एंबुलेंस कर्मचारी संघ के बैनर तले कोडरमा सदर अस्पताल में तैनात 108 एंबुलेंस के चालकों ने आज से संपूर्ण कार्य बहिष्कार कर दिया है। एम्बुलेंस चालकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रभाव पड़ा है। हड़ताल के पहले दिन सदर अस्पताल में एंबुलेंस चालकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

**********************

लोहरदगा जिले में लोगों को कानून के प्रति जागरुक करने और उन्हें त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में खास पहल की जा रही है।

*********समाप्त*********